आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

यश भारत

● वर्ष- 15 अंक 342 ● कटनी ● बुधवार, 19 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

13 साल 9 महीने से जेल में था बेकसूर

सत्र न्यायालय ने 2008 में सुनाई थी आजीवन कारावास की सजा, हाई कोर्ट ने पलटा फैसला

इंदौर । सत्र न्यायालय ने एक व्यक्ति को 2008 में ही हत्यारा मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुना दी थी। 13 साल 9 महीने से वह जेल में बंद है। कई बार जमानत के लिए हाई कोर्ट में गुहार भी लगाई लेकिन राहत नहीं मिली। जेल की सलाखों के

पीछे न्याय के लिए वह छटपटाता रहा। आखिर अब हाई कोर्ट ने माना कि उसका हत्या से कोई लेना देना नहीं था। 13 साल पुराने सत्र न्यायालय के फैसले को पलटते हुए कोर्ट ने उसे बरी करने के आदेश दे दिए।मामला उज्जैन निवासी संजय मेहर का है। 12 सितंबर 2008 को उज्जैन जिला एवं सत्र न्यायालय ने उसे दो अन्य लोगों के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। आरोप था कि संजय ने आपसी विवाद में राम उर्फ नीरज नामक व्यक्ति की हत्या की थी। घटना 17 दिसंबर 2006 की थी। पुलिस के मुताबिक संजय मेहर और दो अन्य लोगों का राहुल नामक व्यक्ति से विवाद चल रहा था।

500 का छुट्टा कराने के लिए खरीदा था लॉटरी टिकट

5 घंटे बाद बन गए करोड़पति

कोट्टायम। केरल के कोट्टायम में एक शख्स 5 घंटे बाद करोड़पति बन गया। हुआ यूं कि 77 वर्षीय सदानंदन ओलीपराम्बिल केरल के कोट्टायम के रहने वाले हैं। रविवार की सुबह थी, और सदानंदन घर से सब्जी लेने निकले थे। लेकिन उनके पास 500 रुपये के छुट्टे नहीं थे। इसलिए उन्होंने दुकानदार से एक लॉटरी का टिकट खरीद नोट का छुट्टा करवा लिया। वैसे तो सदानंद लंबे समय से लॉटरी टिकट खरीद रहे थे। लेकिन उनकी किस्मत कभी चमकी नहीं थी। लेकिन इस बार देने वाले ने उन्हें छप्पर फाड़ के दे दिया। वो केरल सरकार के क्रिसमस-न्यू ईयर लॉटरी (क्रिसमस न्यू ईयर बंपर 2021-22) का 12 करोड़ रुपये का पहला पुरस्कार जीतकर सुर्खियों में छा गए हैं।दरअसल, लॉटरी टिकट खरीदने के चंद घंटे बाद ही उन्हें पता चला कि वह जैकपॉट के विजेता बन गए हैं, जिसकी इनाम राशि 12 करोड़ थी। दरअसल, वह पिछले कई सालों से नियमित रूप से लॉटरी टिकट खरीद रहे थे लेकिन यह पहली बार है कि जब उन्होंने बंपर इनाम जीता है।सदानंदन को 500 रुपये के छुट्टे की जरूरत थी। इसलिए उन्होंने सेलवन नाम एक स्थानीय लॉटरी विक्रेता से एक लॉटरी टिकट (ङ्क्त 21858) खरीद लिया। उन्होंने बताया- मैं मीट की दुकान की तरफ जा रहा था और नोट का छुट्टा कराने की कोशिश कर रहा था। जब छुट्टा नहीं मिला तो उन्होंने एक लॉटरी टिकट खरीद लिया, और दोपहर में जब रिजल्ट आया तो वह हक्के-बक्के रह गए। क्योंकि यकीन ही नहीं हुआ कि वो चंद घंटे में च्करोड़पतिज् बन गए हैं। सदानंदन, कुडेमपाडी के पास अपनी पत्नी और बच्चों के साथ एक छोटे से घर में रहते हैं। वह पेशे से पेंटर हैं, जिनकी जिंदगी महामारी के बाद से मुश्किलों से गुजर रही थी। उनका कहना है- अब मैं अपना अच्छा सा घर बनाना चाहता हूं ।

गणतंत्र दिवस समारोह पर कोरोना का असर

इस साल भी बिना मुख्य अतिथि संपन्न होगी परेड

नई दिल्ली। कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की वजह से दुनिया के कई देशों में दैनिक मामलों में काफी उछाल देखने को मिल रहे हैं। भारत में भी लगातार मामलों में इजाफा हो रहा है। इसके असर 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस परेड पर भी होता दिख रहा है। पिछले साल की तरह इस साल भी मुख्य अतिथि के तौर पर किसी विदेशी नेता के बिना ही राजपथ पर परेड का आयोजन होगा। आपको बता दें कि भारत ने पांच मध्य एशियाई देशों (कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उजबेकिस्तान) के नेताओं को समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि इस संबंध में किसी भी देश द्वारा कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई थी।पिछले कुछ हफ्तों में कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वैरिएंट का तेजी से प्रसार और हाल ही में कजाकिस्तान में हिंसक विरोध में हुई 220 से अधिक लोगों की मौत की वजह से इन देशों के नेताओं का भारत दौरा टल गया।

कोरोना के नए केसों ने फिर डराया

2 लाख 80 हजार के पार

एक्टिव मामले 18 लाख से ज्यादा

नई दिल्ली। बीते 4 दिनों में कोरोना वायरस के नए केसों में जो कमी देखने को मिल रही थी, वह फिर से खत्म हो गई है। बुधवार को आए बीते एक दिन के आंकड़े में कोरोना के 2 लाख 83 हजार नए केस मिले हैं। इसके साथ ही देश भर में कुल सक्रिय मामलों की संख्या तेजी से बढ़ते हुए 18 लाख 31 हजार हो गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि एक तरफ कोरोना के नए केस 2,82,970 मिले हैं तो वहीं इसी दौरान 1 लाख 88 हजार से ज्यादा लोगों ने कोरोना को मात दी है। कोरोना के नए केसों में जिस तेजी से इजाफा हो रहा है, उससे माना जा रहा है कि अगले दो दिनों में आंकड़ा 20 लाख के पार हो सकता है। देश में अब तक मिले कुल केसों की तुलना में एक्टिव मामले फिलहाल 4.83 फीसदी हैं। इसके अलावा रिकवरी रेट भी लगातार तेजी से घट रहा है और यह अब 93.88 पर्सेंट है। हालांकि एक्सपर्ट्स के मुताबिक राहत की बात यह है कि कोरोना की तीसरी लहर के दौरान नए केसों का आंकड़ा 4

लाख के पार नहीं जाएगा। इससे पहले कुछ अनुमानों में यह संख्या 4 से 8 लाख तक पहुंचने की बात कही गई थी। इस बीच कोरोना के डेली पॉजिटिविटी रेट की बात करें तो यह 15.13 पर्सेंट हो गया है, जबकि वीकली पॉजिटिविटी रेट 15.53 फीसदी है।

ओमिक्रॉन वैरिएंट के केस 9 हजार के करीब

कोरोना के बढ़ते केसों के बीच थोड़ी सी राहत यह भी है कि इस बार दूसरी लहर की तरह ज्यादातर लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं पड़ रही है। यही नहीं जिस ओमिक्रॉन वैरिएंट के तेजी से फैलने के दावे किए जा रहे थे, उसके मामले भारत में बहुत ज्यादा नहीं हैं। देश में ओमिक्रॉन वैरिएंट के मामले फिलहाल 8,961 ही हैं। इससे साफ है कि तीसरी लहर में जो नए केस मिल रहे हैं, उसकी वजह ओमिक्रॉन वैरिएंट नहीं है बल्कि डेल्टा वैरिएंट के चलते ऐसा हो रहा है। देश में कोरोना टीकाकरण की बात करें तो अब तक 158 करोड़ से ज्यादा टीके लग चुके हैं। इसके अलावा 4 करोड़ के करीब किशोरों को भी कोरोना का टीका लगाया जा चुका है।

समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका

मुलायम की बहू भाजपा में शामिल

लखनऊ। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा। मुलायम सिंह की छोटी बहू अपर्णा यादव बुधवार को भाजपा में शामिल हो गईं। उन्हें दिल्ली के मुख्यालय में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र सिंह देव ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। बताया जा रहा है कि वे लखनऊ कैंट से टिकट नहीं मिलने से अखिलेश

से नाराज थीं।मुलायम परिवार में टूट की यह खबर सपा के लिए बड़ा झटका है। वहीं, बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने से परेशान भाजपा के लिए राहत। दो दिन से ही अपर्णा के भाजपा में शामिल होने की चर्चा थी। बताया जा रहा है कि अपर्णा सपा से लखनऊ कैंट सीट से टिकट मांग रहीं थीं। हालांकि, अखिलेश इसके लिए तैयार नहीं हुए। अपर्णा ने इंतजार किया। लेकिन, जब पार्टी प्रमुख की तरफ से हरी झंडी नहीं मिली तो उन्होंने पार्टी छोड़ने का मन बना लिया। मुलायम सिंह यादव के बेटे प्रतीक की पत्नी अपर्णा यादव लखनऊ कैंट विधानसभा से सपा पार्टी के टिकट पर 2017 में चुनाव हार चुकी हैं।

जब भूख से मौतों पर सुप्रीम कोर्ट के पांच शब्दों ने सरकार की कर दी बोलती बंद

नई दिल्ली। खुद भूखा रहकर, किसी को खिलाकर तो देखिए, कुछ यूं इंसानियत का फर्ज, निभाकर तो देखिए! जिसने भी यह कहा, उसे भला क्या पता कि हम जिसे अपना रहनुमा मानते हैं, वो ही किसी के भूखा होने से इनकार करता है। और जब कोई भूखा ही नहीं तो फिर खुद भूखा रहने की जरूरत क्या? अपना पेटकर जो भोजन बचेगा, हम भला खिलाएंगे किसे? कोई भूखा है ही नहीं! देश की सर्वोच्च अदालत को भी जब यही बताया गया कि कोई भूखा है ही नहीं, तो वही हुआ जिसकी आस परिधि पर पड़ा कोई निस्सहाय न्याय व्यवस्था से करता है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा, च्देश-दुनिया के सर्वे डेटा चीख रहे हैं कि भारत में न केवल भूख की समस्या है, बल्कि इतनी गहरी है कि भूख से लोगों की जानें जा रही हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा कि वो कम्यूनिटी किचन की व्यवस्था करे और सुनिश्चित करे कि एक भी व्यक्ति की मौत भूख से नहीं हो। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के रवैये पर हैरत जताई और अंग्रेजी में कहा,ज्ङ्खशह्व द्ग×श्वद्गष्ह्ल ह्वह्य

ह्लश ड्डद्गद्यद्बद्ग1द्ग द्बह्ल (क्या सरकार सच में सरकार को लगता है कि वो जो भी कहेगी, कोर्ट उसे मान लेगा) !ज् अंग्रेजी के इन्हीं पांच शब्दों में मिली फटकार से बैकफुट पर आए अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने तुरंत इसका ठीकरा राज्य सरकारों पर फोड़ दिया।

फिर मुसीबत में भगौड़ा Vijay Mallya

लंदन । भारत में भगौड़ा घोषित हो चुका कारोबारी विजय माल्या अब लंदन में भी घर से बेदखल हो सकता है। ब्रिटेन की एक कोर्ट ने कर्ज नहीं चुकाने पर कारोबारी विजय माल्या के लंदन स्थित घर को बेचने के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि विजय माल्या ने इस घर को बेचने से रोकने के लिए एक याचिका लगाई थी, लेकिन उनके लंदन स्थित आलीशान घर से बेदखल करने के आदेश पर रोक लगाने की अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी।स्विस बैंक क्स्र के साथ लंबे समय से चल रहे कानूनी विवाद के बाद कोर्ट ने विजय माल्या के घर को खाली करने का आदेश दिया गया था।

मुंबई में गे सेक्स रैकेट का पर्दाफाश

मुंबइ। मुंबई में पहली बार गे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। थाना मालवानी पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों को अरेस्ट किया है। यह गिरोह पिछले कई महीने से ऑनलाइन डेटिंग गे ऐप च्राइंडरज् के जरिए यह सेक्स रैकेट चला रहा था और ब्लैकमेलिंग भी करता था। पुलिस जांच में सामने आया है कि इनके क्लाइंट्स में कई हाई प्रोफाइल लोग भी शामिल हैं। इन युवकों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब इन हाई प्रोफाइल लोगों पर भी शिकंजा कस सकती है।

चीन की करतूत, बना लिया 400 मीटर लंबा ब्रिज

नई दिल्ली। चीन पैंगोंग त्सो झील के दूसरी तरफ नया ब्रिज बना रहा है। इसकी लंबाई 400 मीटर से अधिक है। इस ब्रिज का कंस्ट्रक्शन होने के बाद बीजिंग को इस इलाके में सैन्य बढ़त मिल सकती है। यह पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच टकराव का अहम केंद्र रहा है। यह पुल 8 मीटर चौड़ा है और पैंगोंग के उत्तरी तट पर चीनी सेना के एक ठिकाने के करीब है। 2020 में इसी इलाके भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच टकराव हुआ था। तब चीनी क्षेत्र में कुछ अस्पताल और सैनिकों के आवास देखे गए थे।16 जनवरी को सैटेलाइट से मिले इमेज ये पता चलता है कि पुल के खंभों को कंक्रीट स्लैब से जोड़ने में मदद करने के लिए चीनी मजदूर एक भारी क्रेन का इस्तेमाल कर रहे हैं। जो तस्वीरें सामने आई हैं, उसके निर्माण कार्य की सीमा से ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि कुछ महीनों भीतर पुल का निर्माण कार्य पूरा हो सकता है।

बांग्लादेश में ख्यात अभिनेत्री राइमा की बोरे में मिली लाश

ढाका । बांग्लादेश की ख्यात अभिनेत्री राइमा इस्लाम शिमू के अचानक लापता हो जाने के बाद अब उनकी लाश राजधानी ढाका के बाहरी इलाके में मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस के मुताबिक Raima Islam Shimu का शव सोमवार को केरानीगंज में हजरतपुर ब्रिज के पास एक बोरे में मिला था। गौरतलब है कि बीते दिनों Raima Islam Shimu के लापता होने के बाद उसके परिवार ने रविवार को कालाबागान थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम ने केरानीगंज मॉडल स्टेशन से शव बरामद किया है और अब मामले की जांच की जा रही है। ढाका पुलिस ने बताया है कि Raima Islam Shimu के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सर सलीमुल्लाह मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है।

एमपी प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड की भर्ती परीक्षाओं पर बड़ा फैसला

आयु सीमा में छूट ,मिलेंगे अतिरिक्त अंक भी

भोपाल। शिवराज सरकार ने एमपी प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब शासकीय सेवा में कार्यरत विभिन्न वर्गों के उम्मीदवारों को एमपीपीईबी की भर्ती परीक्षाओं में अधिकतम आयु सीमा में छूट मिलेगी और साथ ही अतिरिक्त अंक भी मिलेंगे। एमपी सरकार के प्रवक्ता और गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि शासकीय सेवा में कार्यरत विभिन्न वर्गों के ऐसे उम्मीदवार जो प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होते हैं, उन्हें परीक्षा में 5 फीसदी अतिरिक्त अंक प्रदान करने और अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष निर्धारित किये जाने का निर्णय कैबिनेट ने लिया है। नरोत्तम मिश्रा ने फैसले के बारे में स्पष्ट करते हुए बताया कि ये वो लोग हैं जो हमारे अलग-अलग विभागों में काम करते हैं और काम करते करते परीक्षा देते हैं। विभिन्न वर्गों के उम्मीदवारों में भूतपूर्व सैनिक, अतिशेष कर्मचारी, भारत-पाक संघर्ष में दिव्यांग और मृत सैनिक आदि शामिल है। शासकीय सेवा में कार्यरत विभिन्न वर्गों के ऐसे उम्मीदवार जो प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होते हैं, उन्हें परीक्षा में 5त्न अतिरिक्त अंक प्रदान करने और अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष निर्धारित किये जाने का निर्णय कैबिनेट ने लिया है।

इंदौर से दुबई जाने वाली फ्लाइट में फिर छह कोरोना पाजिटिव

इंदौर, । इंदौर से दुबई रवाना होने वाली साप्ताहिक फ्लाइट में जाने वाले छह यात्री कोरोना पाजिटिव पाए गए। देवी अहिल्याबाई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर दुबई जाने से पहले होने वाली जरूरी जांच में अभी तक छह यात्री संक्रमित पाए गए। इन संक्रमित यात्रियों में से तीन इंदौर के, दो भोपाल के और एक यात्री ग्वालियर का है। इंदौर विमानतल अधिकारियों के अनुसार इंदौर के तीन संक्रमितों में दो पुरुष और एक महिला यात्री है, वहीं भोपाल के संक्रमितों में एक पुरुष व एक महिला यात्री है। संक्रमित पाए गए यात्रियों को कोरोना प्रोटोकाल के तहत हवाईअड्डे से सीधा अस्पताल भेजा गया है।पिछले सप्ताह भी दुबई जाने वाली फ्लाइट में पांच लोग पाजिटिव पाए गए थे, जिनमें से दो यात्री इंदौर के थे, जबकि तीन यात्री भोपाल के थे। दोपहर 12ः35 पर इंदौर से रवाना होने वाली उड़ान पहले बेंगलुरु से यात्री को लेकर यहां आती है, यहां से अन्य यात्री सवार होते हैं।

कोल्ड डे की स्थिति, 21 से फिर दिखेगा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर भारत इन दिनों शीतलहर की गिरफ्त में है। पिछले कुछ दिनों में पंजाब, हरियाणा और यूपी के कई इलाकों में ठंड बढ़ी है। मौसम विज्ञानियों की मानें तो अगले कुछ दिन ठंड कम होने की संभावना है। उत्तर भारत के राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, ताजा सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस 21 जनवरी से उत्तर पश्चिमी भारत को प्रभावित कर सकता है। वहीं राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली (स्स्न्नक्र) के मुताबिक दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक (त्तह्व) आज 331 (बहुत खराब श्रेणी में) है।स्काईमेट वेदर के मुताबिक आज उत्तर प्रदेश, बिहार के कुछ हिस्सों, राजस्थान और उत्तरी मध्य प्रदेश में घना से बहुत घना कोहरा पड़ सकता है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश

के कुछ हिस्सों में कोल्ड डे की स्थिति बने रहने की संभावना है। गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और हल्की बर्फबारी हो सकती है।

ओएफके कन्ज्यूमर स्टोर को लेकर खींचातानी

4 यूनियन दो धड़ों में बंट कर एक दूसरे के विरोध में

जबलपुर यशभारत ।खमरिया में वर्क्स कमेटी चुनाव तो हो गए हैं ।इस चुनाव के दौरान आपस में समझौता कर दो धड़ों के बीच कन्ज्यूमर स्टोर्स को लेकर आपस में खींच तान मे लगे हैं ।इसी खींचतान के चलते सहकारिता विभाग ने ओएफके कंज़ूमर स्टोर्स में तीसरी बार प्रशासक बदला गया है ।इस संबंध में कामगार यूनियन और सुरक्षा यूनियन ने संयुक्त विज्ञप्ति में कहा है किबाहरी तत्व द्वारा सूदखोरी की शिकायत रोकी गई कटौती को बहाल कराने के लिए व्यापारी के दबाव पर पूर्व प्रशासक को बदलकर सहकारिता विभाग द्वारा नरेंद्र सोनकर को नया प्रशासक नियुक्त किया गया है ।जिन्होंने अवैध व्यापार एवं अनैतिक गतिविधियों को पूरी तरह से रोकने का आश्वासन यूनियन प्रतिनिधियों को दिया है। बताया गया कि जुलाई2021 में अरविंद जैन को प्रशासक नियुक्त किया गया था ।किंतु अरविंद जैन पर व्यापारी से मिलीभगत कर कैश बुक और लेजर में बदलाव की शिकायत के बाद उन्होंने खुद ही तबादला चाहते हुए आवेदन दिया था जिसके आधार पर उन्हें बदल दिया गया ।फिर आशीष शुक्ला को प्रशासक नियुक्त किया गया था। आशीष शुक्ला द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की एक माह के अंदर ही उन्हें पृथक करते हुए नरेंद्र सोनकर को नया प्रशासक नियुक्त किया गया है। आरोप है कि ओएफके कंज़ूमर स्टोर्स के माध्यम से एक व्यापारी संतोष अग्रवाल द्वारा अवैध सूदखोरी का व्यवसाय संचालित किया जाता है ।जिसकी लगातार शिकायतें अधिकारियों से की जाती रही हैं। कंज़ूमर स्टोर्स की एक दुकान कर्मचारियों को कपड़ा और बर्तन उपलब्ध कराने के लिए खोली गई। आरोप है बर्तन व्यापारी द्वारा बर्तन की जगह नगद राशि कर्मचारियों को उधार दी जाती है और 4 गुना राशि की कटौती फैक्ट्री के माध्यम से वेतन से कराई जाती है। आयुध निर्माणी खमरिया के कई कर्मचारियों द्वारा बरसों से अवैध रूप राशि हषडयंत्र पूर्वक काटे जाने की शिकायत पर प्रबंधन द्वारा जांच कराई गई एवं भारी अनियमितता सामने आने पर इस माह कर्मचारियों की कटौती रोक दी गई। पूर्व प्रशासक द्वारा भी शिकायतकर्ता कर्मचारियों की कटौती रोके जाने की अनुशंसा की गई थी । यूनियन प्रतिनिधियों ने नए प्रशासक से मांग की है कि अवैध व्यापार औरअवैध कटौती पुन: प्रारंभ ना की जाए । सुरक्षा और कामगार यूनियन ने महाप्रबंधक खमरिया से भी मांग की है कि दुकान नंबर 13 / ई जिस पर व्यापारी संतोष अग्रवाल अवैध रूप से काबिज है पर कार्यवाही की जाए। सुरक्षा कर्मचारी यूनियन एवं कामगार यूनियन के अरुण दुबे राकेश शर्मा रूपेश पाठकक्षआनंद शर्मा अमित चौबे राजेंद्र चड़ारिया मोहित भनौदा रमेश यादव धर्मेंद्र रजक आदि ने समुचित कार्यवाही ना होने पर न्यायालयीन कार्यवाही की प्रक्रिया अपनाने की चेतावनी दी है।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की जेल

दो हजार जुर्माने की सजा

जबलपुर । पनागर में एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को जिला अदालत ने 10 साल कारावास की सजा सुनाई है, वहीं पास्को की विशेष अदालत ने दोषी पर दो हजार रुपये का जुर्माने लगाया है। पीड़ित पक्ष ने पनागर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी, जिसके अनुसार 9 नवंबर 2019 को जब पीड़िता खेत से धान काटकर वापस आ रही थी, तभी आरोपी संदीप ठाकुर उसे पास बने मंदिर के पास ले गया और पेड़ की आड़ में उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने चिल्लाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसे अपशब्द कहने लगा। दोषी ने नाबालिग का मुंह चुन्नी से बांध दिया और उसे नाले में फेंकने की धमकी दी। घटना के दौरान पीड़िता के हाथों, कंधे, कमर और पैर में चोट आयी थी। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पनागर पुलिस ने आरोपी संदीप ठाकुर के खिलाफ दुराचार व पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत में चालान पेश किया था। सुनवाई के दौरान गवाह और साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने आरोपी को दोषी पाया और 10 साल की जेल और 2 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल ने रचा कीर्तिमान

सतना के किसान को पत्नी ने दी नई जिंदगी

जबलपुर यश भारत । बडेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के सतत, अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप शहर के किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ राजेश पटेल एवं वरिष्ठ नेफ़्रोलोजिस्ट डॉ. विशाल वढ़ेरा ने 9 जनवरी 2022 को जबलपुर एवं समस्त महकौशल क्षेत्र का प्रथम डोनर लेप्रोस्कोपिक किडनी ट्रांसप्लांट का कीर्तिमान स्थापित करते हुए नए वर्ष में जबलपुर और समस्त महा कोशल क्षेत्र को सफल किडनी ट्रांसप्लांट की सौगात दी है जिसमें सतना निवासी 27 वर्षीय किसान प्रकाश नारायण पटेल को उसकी पत्नी श्रीमती नीता पटेल ने अपनी एक किडनी देकर उसे नई जिंदगी दी। इस सफल ऑपरेशन के बाद महाकोशल क्षेत्र के गम्भीर किडनी मरीज़ों को, जिन्हें ट्रांसप्लांट(प्रत्यारोपण) की आवश्यकता है, उन्हें अब बड़े शहरों की लम्बी वेटिंग लिस्ट और सतत लगने वाले चक्करों से निजात मिल जाएगी। इतने जटिल और कठिन ऑपरेशन की सुविधा अब शहर में भी उपलब्ध होना जबलपुर के मेडिकल क्षेत्र की बहुत बड़ी उपलब्धि है। अब क्षेत्र के वो जरूरतमंद मरीज़ जिनके लिए बाहर जाकर इलाज करवाना सम्भव नही था, वो आसानी से इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। बडेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के डायरेक्टर राजीव बडेरिया ने बताया कि ये उनके हॉस्पिटल एवं समस्त क्षेत्र के लिए बहुत ही गर्व की बात है, कि इतनी विश्वस्तरीय मेडिकल सुविधाएँ यहाँ भी उपलब्ध होने लगी हैं। हॉस्पिटल के कुशल एवं अनुभवी डॉक्टर्स की टीम के कारण इतना बड़ा ऑपरेशन यहाँ करना सम्भव हो पाया है। डॉ राजेश पटेल, डॉ विशाल वढ़ेरा के साथ डॉ शैलेंद्र राजपूत, डॉ फतनींद्र सोलंकी, डॉ देवेश गुप्ता, डॉ अनूप जैन, डॉ पंकज शर्मा, डॉ विपिन रघुवंशी और कुशल स्टाफ़ का भी इसमें विशेष योगदान रहा। साथ ही मेट्रो हॉस्पिटल के कुशल नर्सिंग स्टाफ़ की देखरेख के कारण ही मरीज़ इतनी शीघ्रता से स्वस्थ हो पाया है। लेप्रोस्कोपी द्वारा ऑपरेशन होने से डोनर को मात्र तीन दिनों में ही छुट्टी दे दी गई, जिसमें की सामान्यत: सात दिनों का वक्त लगता है ।अब मरीज़ भी पूरी तरह स्वस्थ हो चुका है और एक सामान्य इंसान की तरह जीवन जीने लगा है और छुट्टी हो चुकी है। किडनी फ़ेल्यर एक ऐसी बीमारी है जिसमें बड़े हुए शुगर अथवा अन्य कारणों के मरीज़ की दोनों किडनी काम करना बंद कर देती हैं और जिंदा रहने के लिए डायलिसस या किडनी ट्रांसप्लांट ही एक मात्र इलाज बचते हैं। डायलिसस भी सिर्फ़ अस्थाई इलाज है। इससे मरीज़ की बीमारी ठीक नही होती और ये जिंदगी भर करवाना पड़ता है, वो भी हफ़्ते में कम से कम दो से 3 बार शारीरिक और मानसिक तकलीफ़ के अलवा परिवार को खर्चा भी बहुत उठाना पड़ता है जो कि हर किसी के लिए सम्भव नही हो पाता। ऐसे में सबसे अच्छा इलाज किडनी ट्रांसप्लांट ही माना जाता है।

जबलपुर में हुआ पहला लेप्रोस्कोपिक किडनी ट्रांसप्लांट

ये जटिल ऑपरेशन है

डॉ. बडेरा व डॉ.पटेल ने बताया कि किडनी ट्रांसप्लांट एक जटिल ऑपरेशन है जिसके लिए विशेषज्ञ और अनुभवी डाक्टर्ज़ की पूरी टीम, ऑपरेशन की बाद की केअर के लिए ट्रेंड हॉस्पिटल स्टाफ़ की बहुत ज़रूरत होती है। इसमें एक स्वस्थ डोनर की एक किड्नी निकाल कर मरीज़ को लगा दी जाती है। चूँकि एक किडनी होने पर इंसान बिलकुल सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है, तो मरीज़ और डोनर दोनों ही बिलकुल स्वस्थ ज़िंदगी जीते हैं। आम तौर पर इतने बड़े ऑपरेशन के लिए जबलपुर के लोगों को बड़े शहर का रुख़ करना पड़ता था जिसमें मरीज़ और उसके परिवार को ना सिर्फ़ आर्थिक बल्कि अन्य कई तरह की तकलीफ़ों का सामना करना पड़ता था। ना सिर्फ़ ऑपरेशन के लिए 2 से 3 महीने वहाँ रुकना होता है बल्कि किडनी ट्रांसप्लांट के सफल ऑपरेशन के बाद भी मरीज़ को ज़िंदगी भर फ़ॉलोअप में रहना ज़रूरी होता है ।इसीलिए इस ऑपरेशन के लिए शहर के बाहर जाने पर कई तरह की दिक़्क़तें आती हैं। अब किडनी के मरीज़ों को अन्य किसी महानगर जाने की आवश्यकता नही है बल्कि यह हमारे शहर जबलपुर में बड़ेरिया मेट्रोप्राइम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अब संभव है।

21 को सौभाग्य योग में मनाई जाएगी संकष्टी चतुर्थी

जबलपुर। संकष्टी चतुर्थी 21 जनवरी को मनाई जाएगी। इसे लेकर शहर में स्थित गणेश के मंदिरों में विशेष तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। माघ माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को तिलकुट चौथ का पर्व मनाया जाता है। इस पर्व को संकट चौथ, तिलकुटा चौथ, संकटा चौथ, माघी चतुर्थी और संकट चतुर्थी के नामो से जाना जाता है।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार संकट चौथ पर सौभाग्य योग बन रहा है। इस शुभ योग पर किया गया। कोई भी कार्य और पूजा सफलता दिलाती है। सौभाग्य योग दोपहर तीन बजकर छह मिनट तक रहेगा। इसके बाद शोभन योग शुरू होगा। वहीं चतुर्थी तिथि 21 जनवरी को सुबह आठ बजकर 51 मिनट से शुरू होगी और 22 जनवरी को सुबह नौ बजकर 14 मिनट तक चलेगी। संकट चौथ पर भगवान गणेश की पूजा करने से ग्रहों की अशुभता दूर करने में मदद मिलती है।

संकष्टी चतुर्थी पूजा विधि

पूजा से पहले पूजा के स्थान को गंगाजल से शुद्ध कर लकड़ी की चौकी पर लाल कपड़ा बिछाएं। इस पर तिल और गुड़ को मिलाकर गणेश की मूर्ति बनाकर स्थापित कर रोली चंदन सिंदूर लगा कर दूर्वा एवं पुष्प अर्पित करें। पूजा के दौरान गणेश मंत्र का जाप करें। पूजा के दौरान गणेश जी को प्रसाद में तिल और गु? से बने प्रसाद या मोदक व लड्डुओं का भोग लगाएं। भगवान गणेश का षोडशोपचार पूजन कर शाम को चंद्रमा को अर्घ देकर व्रत का समापन करें।

संकष्टी चतुर्थी को लेकर पौराणिक मान्यता

ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान गणेश अपने जीवन के सबसे बड़े संकट से निकल कर आए थे। इसलिए इसे संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है। एक बार माता पार्वती स्नान करने के लिए गई इस दौरान माता ने दरवाजे पर गणेश को खड़ा कर दिया। किसी को भी अंदर नहीं आने देने के लिए कहा। जब भगवान शिव आए तो गणपति ने उन्हें अंदर आने से रोक दिया। भगवान शिव क्रोधित हो गए और उन्होंने अपने त्रिशूल से गणेश का सिर ध? से अलग कर दिया। पुत्र का यह हाल देखकर माता पार्वती विलाप करने लगीं और अपने पुत्र को जीवित करने के लिए हट करने लगी, तब शिवजी ने गणेश को हाथी का सिर लगाकर उनको दूसरा जीवनदान दिया। तभी से वह गजानन कहलाए। इसी दिन से गणेश को 33 करोड़ देवी देवताओं का आशीर्वाद मिला और इसी दिन से संकट चौथ मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई।

सर्वसम्मति सेस्थायी कर्मी प्रकोष्ठ का गठन

जबलपुर। म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा अध्यक्ष रविकांत दहायत की अनुशंसा पर बरगी हिल्स शाखा अध्यक्ष वैद्यनाथन अय्यर द्वारा स्थायी कर्मी प्रकोष्ठ का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिमसें अध्यक्ष रामविशाल यादव, संरक्षक बालगोविंद माली, उपाध्यक्ष मुनेन्द्र दुबे, सचिव शिवनारायण साहू, कोषाध्यक्ष चतरू प्रसाद यादव, उप-कोषाध्यक्ष संतोष कुमार द्विवेदी, सह-सचिव अम्बर बोस, प्रचार मंत्री दिनेश सोनी सर्वसम्मति से चुने गये।

प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का स्मरण किया

जबलपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा भारत देश को स्वर्णिम भारत बनाने के उद्देश्य के साथ की जा रही, समाज के हर वर्ग में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए की जा रही आध्यात्मिक सेवाओं से, स्वयं में सकारात्मक परिवर्तन लाकर के पूरे विश्व को परिवर्तन करने की प्रेरणा देने वाली सेवाओं से आज जन सामान्य परिचित है। इस संस्था की स्थापना करने वाले संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 53वां पुण्य स्मृति दिवस सादे एवं गरिमामय रीति से संस्था के शिव वरदान भवन कटंगा कालोनी स्थित सेवा केंद्र में मनाया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी बीके विमला दीदी ने पिताश्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपके द्वारा किए गए कार्य की मिसाल अनुपम है। आपने नारी शक्ति को समाज में उनका यथोचित स्थान दिलाने के अनेकानेक प्रयास किए। फलस्वरूप ब्रह्माकुमारीज संस्था केवल महिलाओं के द्वारा संचालित किया जाने वाला विश्व के एक प्रमुख संगठन के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। आपने आगे कहा कि पिताश्री ने माताओं और कन्याओं को उनकी आध्यात्मिक शक्तियों की अनुभूति करा आध्यात्मिक पथ पर ब?ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सेवा केंद्र के सभी नियमित भाई बहनों ने दिन भर मौन साधना करते हुए

और पिताश्री के जीवन प्रसंगों का स्मरण करते हुए अपनी आत्मा में निहित जीवन मूल्यों रुपी रत्नों को पहचान करके अपने जीवन को सकारात्मकता से भरपूर करने के लक्ष्य को प्राप्ति में सफल रहने का संकल्प धारण किया।

वि.वि. शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव

श्रीष दुबे अध्यक्ष एवं मनीष पाण्डेय महासचिव निर्वाचित

जबलपुर । रादुविवि में शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव में श्रीष दुबे ने 265 मत प्राप्त करते हुए अपने एकमात्र प्रतिद्वंदी प्रेमप्रकाश पुरोहित (183 मत) को पराजित कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष के 02 पदों के लिए श्री राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा (189 मत) एवं श्री राम सजीवन सौंधिया (181 मत) विजयी घोषित हुए। महासचिव के 01 पद के लिए मनीष पाण्डेय ने 239 मत प्राप्त कर अपने एकमात्र प्रतिद्वंदी संजय यादव (198 मत) को पराजित कर विजय हासिल की। संयुक्त सचिव के लिए अजीत सिंह ने 135 मत प्राप्त कर विजय प्राप्त किया एवं कोषाध्यक्ष में अजय श्रीवास 213 मत प्राप्त कर विजयी रहे। कार्यकारिणी के 05 पदों के लिए जयशंकर पाण्डेय (201 मत), राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला (177 मत), गणेश प्रसाद उनेहा (171 मत), स्वामीदीन बैगा (138 मत) एवं देवेन्द्र कुमार शर्मा (112 मत) चुने गए। चुनाव अधिकारी प्रो. राकेश बाजपेयी के अनुसार पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में मंगलवार को प्रात: 9.00 बजे से 1.00 बजे तक मतदान हुआ जिसमें कुल 508 मतदाताओं में से 458 लोगों ने मतदान दिया। कोविड-19 के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। प्रो. बाजपेयी ने चुनाव कार्य में संलग्न प्राध्यापकों, अधिकारियों, अतिथि विद्वानों एवं कर्मचारियों सहित पुलिस प्रशासन को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मतगणना स्थल पर नतीजे आने के बाद जश्न का माहौल हो गया। ढोल नगाढ़ों की धुन पर कर्मचारी समर्थक थिरकने लगे। आतिशबाजी हुई और फूल मालाओं से खुशी का इजहार किया गया। निर्वाचन अधिकारी के साथ अन्य अधिकारियों ने भी विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी।

विपिन पीपरे बने आई टी सैल प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष

जबलपुर। मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ प्रदेश महाप्रबंध समिति अनुसंशा पर प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा एवं प्रदेश आई टी सैल प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजय दुबे द्वारा आई टी सैल प्रदेश समिति का गठन किया गया जिसमे जबलपुर संभाग के कार्यकारी संभागीय अध्यक्ष श्री विपिन पीपरे जी को आई टी सैल प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया जिसमें संघ के कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। संभागीय संरक्षक रामकुमार मेहरा, संघ के प्रांतीय सचिव एवं जिलाध्यक्ष रवीकांत दहायत , संभागीय महामंत्री सहदेव रजक संभागीय सचिव महेन्द्र साहू समागीय कोषाध्यक्ष संजय रजक, राजेन्द्र चतुर्वेदी प्रमोद कुमार, विजय यादव, रविन्द्र राय, प्रेम नारायण ठाकुर, धीरज ठाकुर, समर सिंह ठाकुर, माग्रेट जोसफ अंजली कनोजिया, सुरेश बाल्मीक, पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।

अधिवक्ता मनीष तिवारी का कलेक्टर से आग्रह

मेरे तीन मंजिला भवन में खोल लें कोविड केयर सेंटर

जबलपुर । एमपी स्टेट बार कौंसिल के को-चेयरमैन व हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के सचिव अधिवक्ता मनीष तिवारी ने जबलपुर के कलेक्टर कर्मवीर शर्मा से कहा है कि वे चाहें तो उनके तीन मंजिला भवन का इस्तेमाल कोविड केयर सेंटर खोलने के लिए कर सकते हैं। यहां अधिवक्ताओं व उनके परिवार के सदस्यों को कोरोना का इलाज मुहैया कराया जा सकेगा। यदि जिला प्रशासन प्रस्ताव को मंजूर करता है, तो अधिवक्ताओं के इलाज के लिए एम्बुलेंस, व्हील-चेयर, आक्सीजन सिलिंडर, ई-रिक्शा के अलावा दवाओं आदि की व्यवस्था भी उनकी ओर से की जाएगी। पूर्व में भी व्यापक समाजहित में इस तरह की सौगातें प्रतिवर्ष पितृ-स्मृति में दी जाती हैं। अधिवक्ता मनीष तिवारी ने बताया कि उन्होंने अपने पिता अधिवक्ता स्व.पीएस तिवारी की स्मृति में निवास के पास ही एक नया तीन मंजिला भवन तैयार कराया है। वह फिलहाल खाली पड़ा है। लिहाजा, स्व.पीएस तिवारी भवन का कोविड केयर सेंटर के रूप में सदुपयोग हो। कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी जब चाहें तब तीन मंजिला भवन की चाबियां हासिल कर लें। निश्शुल्क कोविड केयर सेंटर खोलने उनकी ओर से पूर्व सहमति है। मंगलवार को ज्ञापन सौंपने वालों में जिला बार सचिव राजेश तिवारी, अधिवक्ता रघुवर प्रजापति, नीतिराज शर्मा, प्रदीप परसाई बाबा सहित अन्य शामिल रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनीष दुबे के निवास पहुँचे वीडी शर्मा

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष वी.डी.शर्मा मनीष दुबे के निवास पहुँचकर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व ज़िला अध्यक्ष स्व.पंडित भूपेन्द्र दुबे जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर परिजनों को सांत्वना प्रदान की आपके साथ पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिलाष पांडे ,अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक शर्मा आदि रहे ।

माँ नर्मदा माघ महोत्सव प्रारम्भ

जबलपुर। ग्वारीघाट में माघ मास कल्पवास 18 जनवरी से शुरू हुआ जो 16 फ़रवरी तक विभिन्न आयोजन एवं पूजन कोरोंना प्रोटोकाल का पालन करते हुए किए जावेगे ,माँनर्मदा माघ महोत्सव आज माँ नर्मदा पूजन के साथ प्रारम्भ हुआ। साधी शिरोमणि राजीव कुमार महा प्रबंधक जी आइ एफ अनिल शुक्ला ,नीरज पटेरिया प्रकाश दुबे गोविन्दा यादव अतुल अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे ।

चिहुटा गांव में आजादी के बाद से अब तक सड़क नहीं बनी

मरीजों को कंधे में टांग कर मुख्य मार्ग तक पहुंचते हैं ग्रामीण

*जबलपुर यश भारत। जिले की पाटन तहसील के अंतर्गत आने वाले चिहुटा गांव में आजादी के बाद से अब तक सड़क नहीं बनी। ऐसा ही नहीं इस गांव में किसी की तबीयत खराब हो जाए तो कोई भी वाहन नहीं पहुंच सकता यहां से मरीजों को कंधे में लटका कर उसे उपचार के लिए लाया जाता है बरसात के चार महीनों में यहां के लोग गांव से बाहर नहीं निकल पाते क्योंकि मुख्य सड़क तक पहुंचने से पहले उन्हें करीब एक किलोमीटर तक दलदल से निकलना पड़ता है। यदि मरीज को अस्पताल ले जाना हो तो चारपाई पर लिटकर ले जाना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर पाटन रोड स्टेट हाईवे 15 से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम चिहुटा(ग्राम पंचायत आगासोद) आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में कच्ची सड़क की समस्या से जूझ रहा है। बारिश के समय स्कूल के बच्चे गिरते - पड़ते स्कूल पहुंचते हैं ।इस समय रिश्तेदार मित्र भी गांव में आने से बचते हैं फिर चाहे मौका कोई भी हो। धान की रोपाई निदाई के लिए दूसरे गांवों से कीचड़ में पैदल चलकर आने वाली लेबर ज्यादा मजदूरी मांगती है, जो देना भी पड़ता है ।रोजी रोटी की तलाश में निकले ग्रामीण जब अंधेरे में इस रास्ते वापस आते हैं तो राह और कठिन हो जाती है। फिसल कर चोटिल होने की घटनाएं और गाड़ियों मैं टूट-फूट आम बात हो जाती है ।ऐसे में मरीजों/ गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक ले जाना काफी चुनौतीपूर्ण कार्य हो जाता है क्योंकि एंबुलेंस यहां तक नहीं पहुंच पाती।

ग्रामीणों ने लिया संकल्प रोड नहीं तो वोट नहीं

जागरूक युवाओं ने अनेकों बार की है मांग

इस गांव में मार्ग की समस्या को लेकर गांव के जागरूक लोगो द्वारा संबंधितों मार्ग की समस्या को लेकर अपनी गुहार लगाते रहे किंतु आज तक कोई भी अधिकारी ग्रामीणों की इस जटिल समस्या को हल करने में नाकाम ही साबित रहे जिससे यह समस्या ग्रामीणों के सामने आज भी यथावत है ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव के समय पर जनप्रतिनिधि यहां वोट मांगने आते हैं जिससे उनको ग्रामीणों द्वारा रोड बनाने की मांग को लेकर वर्षों से यह मांग करते आ रहे हैं किंतु हालात यह है कि आज तक इस जटिल समस्या का निदान नहीं हुआ है जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है इस समस्या को हल करने हेतु आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि जिम्मेदार अधिकारी द्वारा रुचि नहीं दिखाई गई ।

इन्होंने व्यक्त किया आक्रोश

चिहुटा गांव तक पहुंच मार्ग न होने के कारण ग्राम के गायत्री नारायण सिंह ,हर प्रसाद तिवारी ,अनिल पाठक, दयाशंकर तिवारी, शिवपाल सिंह, पहलाद सिंह ,अजय पाठक , गोकुल सिंह,राजू तिवारी, भानु सिंह, राम पटेल, जय यादव, अमित पाठक, सुभाष सिंह, रुपेश पांडे ,सुरेंद्र यादव, निखिलेश पटेल ,उत्तम तिवारी, आलोक पाठक, अंकित तिवारी ,रामसेवक पटेलआदि समस्त ग्राम वासियों ने जब तक पक्की रोड नहीं, तब तक कोई वोट नहीं के नारी के साथ आगामी सभी चुनावो के बहिष्कार का संकल्प ले लिया है ।प्रशासन यदि जल्दी नहीं चेता तो ग्रामवासी चक्का जाम जैसे आंदोलन करने बाध्य होंगे।

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 19 जनवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

उमरिया-डुंगरिया क्षेत्र में लगा रहे उद्योग तो अब नहीं होगी बिजली की परेशानी

ट्रांसमिशन कंपनी ने तैयार किया नया अति उच्च दाब सब स्टेशन, कटनी के उद्योगपतियों को उद्योग लगाने में मिलेगी राहत

कटनी। मध्यप्रदेश सरकार औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने लगातार योजनाएं तैयार करने के साथ ही सुविधाएं भी उपलब्ध करा रही है। जबलपुर क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र उमरिया-डुंगरिया में जिले के उद्योगपति भी अपने उद्योग स्थापित करने रूचि दिखाते रहे हैं लेकिन उनको बिजली की समस्या का सामना करना पड़ता था। ट्रांसमिशन कंपनी ने नया अति उच्चदाब सब स्टेशन तैयार किया है, जिसके बाद अब उमरिया-डुंगरिया औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने वाले कटनी जिले के उद्योगपतियों को भी बिजली की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। जबलपुर क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने बरगी क्षेत्र के चंदेरी ग्राम में 132 के.व्ही. के एक नये अति उच्च दाब सबस्टेशन को ऊर्जीकृत कर एक बेहद महत्वपूर्ण योजना पूरा करने में सफलता हासिल की है। इस सबस्टेशन के प्रांरभ हो जाने से जबलपुर के उमरिया डुंगरिया औद्योगिक क्षेत्र को काफी फायदा मिलेगा। साथ ही उमरिया डुंगरिया में फेस-एक, फेस-दो व फेस-तीन के प्रस्तावित उद्योगों के लिये विद्युत की सहज उपलब्धता रहेगी। अब उमरिया डुंगरिया के साथ ही मानेगांव क्षेत्र के क्रेशर व बरगी और चरगंवा क्षेत्र के घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं को उचित वोल्टेज की गुणवत्ता पूर्ण बिजली मिलेगी।

क्षेत्र को दो की जगह छह 33 के.व्ही. के फीडर मिलेंगे

पहले इस औद्योगिक क्षेत्र सहित बरगी व चरगंवा क्षेत्र में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के दो फीडरों से विद्युत आपूर्ति की जाती थी, जो बरगी सबस्टेशन के प्रारंभ हो जाने से छह फीडरों के माध्यम से मिलेगी। जिससे एक ही समय बड़े क्षेत्र में होने वाले विद्युत व्यवधान से निजात तो मिलेगी और सभी क्षेत्रों में वोल्टेज को समस्या का पूरी तरह निवारण हो सकेगा। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की उमरिया डुंगरिया क्षेत्र में अब दो अति उच्च दाब सबस्टेशनों से विद्युत सप्लाई का दोहरा विकल्प उपलब्ध रहेगा। एक 220 के.व्ही. जबलपुर से तथा दूसरा सीधे बरगी पावर हाउस से भी जोड़ा गया है। बरगी (चंदेरी) में सबस्टेशन बनने से 33 के.व्ही. लाइनों की लंबाई भी कम होगी, जो पहले 40 कि.मी. थी, वो अब घटकर 12 कि.मी. की हो गयी है। इससे उपभोक्ताओं को कम वोल्टेज पर सप्लाई की समस्याओं से छुटकारा तो मिलेगा ही साथ ही घने जगंल और नर्मदा क्रांसिग के कारण विद्युत सुधार कार्य में आसानी होगी।

8 उच्च दाब व 60 निम्नदाब उपभोक्ता है औद्योगिक क्षेत्र में

उमरिया डुंगरिया में 33 के.व्ही. के 2, 11 केव्ही के 6 तथा निम्नदाब के 60 उपभोक्ताओं के औद्योगिक कनेक्शन हैं। जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से फायदा तो मिलेगा ही इसके अलावा तकरीबन 147 गांवों के करीब 25650 उपभोक्ता भी लाभांवित होगें। 132 के.व्ही. बरगी (चंदेरी) के ऊर्जीकृत होने से जबलुपर जिले की पारेषण क्षमता में बढ़ोतरी हुई। जबलपुर जिले में अब 220 के.व्ही. के 4 तथा 132 के.व्ही. के 9 सबस्टेशन हो गये है। जिनकी क्षमता 220 के.व्ही. साइड 1180 एमव्हीए की तथा 132 के.व्ही. साइड 1043.5 एमव्हीए हो गई है। जिससे जबलपुर जिले की कुल पारेषण क्षमता बढ़कर 2223.5 एमव्हीए की हो गई है।

जिले में आनंद उत्सव का किया जा रहा आयोजन

कटनी। राज्य आनंद संस्थान मध्यप्रदेश शासन, अध्यात्म विभाग द्वारा 14 जनवरी से 28 जनवरी तक ग्रामीण व नगरीय निकाय क्षेत्रों में आनंद उत्सवों का आयोजन किया जा रहा है। डिस्ट्रिक प्रोग्राम लीडर आनंद संस्थान ने बताया कि जिले में ग्रामीणों की सहभागिता के साथ आनंद उत्सवों का आयोजन हो रहा है, जिसमें ऐसे लोगों को शामिल किया जा रहा है, जिनको कोविड से बचाव के लिए दोनों टीके लग चुके हैं। आनंद उत्सव को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा कोविड को देखते हुए वरिष्ठ नागरिकों, स्कूली छात्रों व ग्रामीण बच्चों को शामिल न करने के निर्देश दिए हैं।

सोर्स सेग्रीगेशन एवं मलासुर अभियान की दी जानकारी

कटनी। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 की विभिन्न गतिविधियों से नागरिकों को अवगत करानें के उद्धेश्य से नगर पालिक निगम कटनी के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों व एमएसएडल्यू टीम के सुपरवाईजर सहित जनजागरूकता गतिविधयों के संचालन हेतु नियुक्त एजेंसी के सदस्यों द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न वार्डो में सामूहिक जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन नें जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर के विभिन्न वार्डो में सामूहिक जनसम्पर्क अभियान के माध्यम से नागरिकों से संपर्क कर सोर्स सेग्रीगेशन की जानकारी प्रदान की गई। तथा घरों से निकलनें वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखनें एवं निगम के कचरा संग्रहण वाहन में अलग अलग ही देकर नगर को साफएवं स्वच्छ बनाये रखनें में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करनें की अपील की गई।

प्रवासी मजदूरों के लिये चलाया जायेगा वन नेशन वन राशन कार्ड हेतु जागरुकता अभियान

अपर कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये आवश्यक कार्रवाई के निर्देश

कटनी। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के संबंध में विभिन्न प्रदेशों तथा राज्य के अन्य जिलों से आये प्रवासी मजदूरों को जागरुकता अभियान चलाकर योजना के बारे में अवगत कराया जाना है। अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने इस संबंध में आयुक्त नगर पालिक निगम, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभागीय परियोजना यंत्री पीआईयू लोक निर्माण विभाग और कार्यपालिक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जारी निर्देशों के तहत कहा गया है कि इन प्रवासी मजदूरों को योजना का लाभ देने के लिये जिलास्तर पर दलों का गठन कर जागरुकता अभियान के तहत विभिन्न चयनित स्थलों पर जागरुकता मेलों का आयोजन योजना के बारे में अवगत कराया जाना है। इस संबंध में वांछित जानकारी निर्धारित प्रारुप में 31 जनवरी के पूर्व प्रस्तुत करने के निर्देश अपर कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को दिये हैं।

गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल



कटनी। स्वतंत्रता दिवस की तरह गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह भी इस बार पुलिस लाइन झिंझरी स्थित मैदान में आयोजित किया जाएगा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की परेड के लिए रिहर्सल की जा रही है। पुलिस, एसएएफ, होमगार्ड, महिला पुलिस के जवान रिहर्सल कर रहे हैं।

कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा की समय-सारणी जारी

कटनी। स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2021-22 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्री-बोर्ड की परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। कक्षा 10वीं प्री-बोर्ड परीक्षा 20 से 28 जनवरी तक और कक्षा 12वीं प्री-बोर्ड परीक्षा 20 से 31 जनवरी तक टेक होम के रूप में संचालित की जाएगी। संचालक लोक शिक्षण श्री के.के. द्विवेदी ने बताया कि प्री-बोर्ड परीक्षा संचालन के संबंध में सभी संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी और विद्यालयों के प्राचार्य को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सभी विद्यार्थियों को कोविड गाईडलाईन का पालन करते हुए प्रश्न-पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएँ परीक्षा से कम से कम एक दिवस पूर्व उपलब्ध करायें जायेंगे। विद्यार्थियों को बार-बार विद्यालय न बुलाना पड़े, इसके लिए एक साथ 2 से 3 प्रश्न-पत्र एक साथ उपलब्ध कराये जा सकते हैं तथा आगामी प्रश्न पत्र प्राप्ति के दिन पूर्व में उपलब्ध कराए गए प्रश्न-पत्रों की उत्तर पुस्तिकाएँ जमा की जायेगी। कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को शेष समस्त उत्तर पुस्तिकाएँ 28 जनवरी को और कक्षा 12वीं के लिए शेष सभी उत्तर पुस्तिकाएँ एक फरवरी तक शाला द्वारा निर्धारित तिथि तक शाला में जमा करनी होंगी। सभी विषय शिक्षक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर विद्यार्थियों द्वारा की गई गलतियों में सुधार के लिए 5 फरवरी तक सूचित करेंगे। कक्षावार संकायवार प्रश्न-पत्र और उत्तर पुस्तिकाएँ प्रदान करने के लिए विद्यार्थियों को अलग-अलग समय पर विद्यालय में बुलाया जायेगा। किसी भी विपरीत स्थिति में विद्यार्थियों के अतिरिक्त पालकों को भी प्रश्न-पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएँ प्रदान की जा सकती हैं। छात्रावासी विद्यार्थियों को उनके निवास के निकटस्थ विद्यालय के संस्था प्राचार्य प्रश्न-पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएँ उपलब्ध कराएंगे तथा उनके मूल्यांकन उपरांत प्राप्तांक संबंधित संस्था प्राचार्य को प्रेषित करेंगें। प्रश्न-पत्र विमर्श पोर्टल पर प्राचार्य लॉगइन में 17 जनवरी को अपलोड कर दिए जाएंगे। कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थी शाला बन्द रहने की अवधि में प्रश्न बैंक से प्रश्न अपनी गृह कार्य कॉपी में हल कर विद्यालय आरंभ होने पर प्रस्तुत करेंगे। यही उनका प्री-एग्जाम माना जायेगा।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

नीरज सिनेप्लेक्स में

अंतिम पांच दिन
रोजाना 3 शो ता. 14 से
दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

गंदगी फैलाने वालों पर लगाई गई पेनाल्टी

संक्रमण से बचाने किया कीटनाशक का छिड़काव

कटनी। स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंडों अनुसार नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो सहित सार्वजनिक स्थलों, नाले नालियों, डिवाईडर, डस्टबिन आदि की सफाई कराई जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के निरंतर प्रयास जारी है। रोजाना डोर टू डोर कचरा संग्रहण के दौरान नागरिकों को सोर्स सेग्रीगेशन की जानकारी प्रदान की जाकर घरों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक डस्टबिन में रखनें तथा निगम के कचरा संग्रहण वाहनों में ही कचरा देकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें की अपील नागरिकों से की गई। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन वार्ड के स्वच्छता निरीक्षकों की उपस्थिति में बस स्टेंड परिसर, नदीपार मुक्तिधाम प्वाइंट, चांडक चौक, आजाद चौक से शेर चौक, मिशन चौक, गांधी द्वार, पोस्ट आफिस गली स्टेट बेंक तिराहा, घंटाघर प्वाइंट, मदन मोहन चौबे वार्ड मुख्य मार्ग स्थित देशी शराब दुकान के पीछे, बरगवां मुख्य मार्ग एवं कटाए घाट मोड, पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड, राम मोहल्ला, मुख्य मार्ग की नालियों का कार्य कराया गया। सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें हेतु जोन क्रमांक 3 एवं 4 में गंदगी फैलाने वालों पर जुर्मानें की कार्यवाही की गई। नगर के मुख्य मार्गो के डिवाईडरों की सफाई व्यवस्था के तहत गल्ला मंडी रोड, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, कार्यालय कलेक्टर के सामनें, द्वारिका सिटी गेट सहित अन्य मार्गो के डिवाईडर के दौनों ओर सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव कार्य, नगर के विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य कराया जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए। कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु निगम प्रशासन द्वारा वेंकट वार्ड स्थित निषाद स्कूल प्रांगण सहित विभिन्न कक्षों में कीटनाशक दवा के छिडकाव के साथ ही अंबेडकर वार्ड की विभिन्न गलियों एवं शासकीय तिलक महाविद्यालय परिसर के वाणिज्य संकाय, कला संकाय एवं अन्य कक्षों को सोडियम हाईपो क्लोराईड के घोल से सैनेटाईज किया गया।

जानकी हनुमान वार्ड मख्य मार्ग, सीएलपी वार्ड मुख्य मार्ग, शिवाजी वार्ड सब्जी मंडी स्थल, भट्टा

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम पांच दिन

रोजाना 3 शो तारीख 15 से 1, 3.30 एवं सायं 6.30 बजे से (हिन्दी में)
SPIDERMAN
(FLAT RATE 100/-)
कलाकार
टॉम हालैंड, जेमी फॉक्स, हैरी हालैंड, अल्फ्रेड, मोलीना आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम पांच दिन
रोजाना 3 शो ता. 14 से 1,4 एवं सायं 7.30 बजे से

PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई,
सिविल लाईन गणेश चौक कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) 483501
दूरभाष :- 07622-401753 ई-मेल :- dpepiukatni@gmail.com
एन.आई.टी. नं. -02/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीई/ कटनी दिनांक 13.01.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

स.क्र	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रू में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड प्राप्त की जावेगी।
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	2022_PWPIU 179207_1	जिला कटनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्लीमानाबाद में 30 बिस्तरीय अस्पताल भवन का उन्नयन कार्य (प्रथम आमंत्रण)	कटनी	483.14	484000.00	15000.00	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत	18 माह वर्षाकाल सहित	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू, साउथ सिविल लाईन जबलपुर

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 15.01.2022 समय दोपहर 09:00 से दिनांक 28.01.2022 तक समय शाम 06:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी बिड केवल ऑनलाईन दिनांक 28.01.2022 को सांयकाल 06:00 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे।
5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-21583/22
संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. कटनी

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।

Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

कभी तप, साधना और आस्था का केंद्र था भूमिकेश्वर धाम

कैमोर। विंध्याचल पर्वत की हरीतिमा और इसकी सुरम्य वादियां प्राचीन काल से ही ऋषि, मुनियों और तपस्वियों के आकर्षण का केंद्र रहीं हैं। कभी निर्जन और निरापद रही यह वनस्थली अपने प्राकृतिक सौंदर्य और सघन वनसंपदा के कारण साधू सन्यासियों का भी मन मोह लेती थी। प्राचीन काल से लेकर तीन चार दशक पहले तक संत और तपस्वी जन यहां साधना आराधना करते रहे हैं। अब ये संत और तपस्वी तो नहीं रहे पर इनकी साधना और तपोबल से प्राप्त सिद्धियों के किस्से आज भी किवदंतियां बन कर लोगों के मानस पटल पर अंकित है। खनिज संपदा के लोभ ने यहां की वनसंपदा को नष्टप्राय कर दिया। निर्जन वनों का स्थान घनी आबादी वाली बसाहट ने ले लिया। तपस्या और साधना के जो स्थल कभी जन आस्था का केंद्र बन गए थे धीरे धीरे अपना महत्व खोते चले गये। ऐसे कुछ स्थल अपना पुराना वैभव भले ही खो चुके हैं पर उनका अस्तिव अब भी मौजूद है। उपेक्षा और अनदेखी ने उनके स्वरूप को तहस नहस कर दिया पर उनका धर्मिक और ऐतिहासिक महत्व अभी भी बरक़रार है। अभी भी वक्त है कि हम अपनी धर्मिक और पुरातात्विक धरोहरों को संरक्षित करें ताकि हमारी सनातन संस्कृति और परंपराएं जीवित रहें। कैमोर, विजयराघवगढ़ के समीप स्थित पावन भूमिकेश्वर धाम भी हमारी ऐसी ही एक धार्मिक धरोहर है जिसे संरक्षण और विकास की दरकार है।

यहीं से होकर दण्कारण्य गये थे वनवासी श्रीराम

भूमिकेश्वर धाम सघन आम्रवन से घिरा एक सुरम्य प्राकतिक स्थल है। यहां एक आयताकार प्राचीन जलकुंड है जिसका पानी कभी समाप्त नहीं होता था। जलकुंड के बाजू में ही वह प्राकतिक जल स्त्रोत है जिसका पानी भीतर-भीतर से ही बावलीनुमा जलकुंड में प्रवाहित होता रहता है। जलस्त्रोत वाले कुंड में ही एक प्राचीन शिवलिंग स्थापित है। बाहर भी एक शिवमन्दिर स्थित है जिसका निर्माण संभवतः विजयराघवगढ़ राजवंश के समय कराया गया था। जलकुंड के भीतर स्थित शिवलिंग के बारे में यहां मान्यता है कि इसकी स्थापना मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम द्वारा की गई थी। मान्यता के अनुसार वनवास के समय चित्रकूट में काफी समय बिताने के बाद भगवान राम माता जानकी और अनुज लक्ष्मण के साथ जब दण्कारण्डय अब के छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हुए तब इस यात्रा के दौरान कुछ समय के लिए वे भूमिकेश्वर धाम नाम के इसी स्थान पर कुछ समय रूके थे। वनवास के पूरे समय जहां माता सीता जगतजननी भगवती मां पावर्ती की उपासना करती थीं वहीं श्रीराम देवाधिदेव महादेव के उपासक थे। उपासना के इसी दौर में संभवतः उन्होंने यहां शिवलिंग की पूजा अर्चना की थी। इस बात का उल्लेख अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकारों की रचनाओं में भी मिलता है। विजयराघवगढ़ राजवंश के साहित्यकार ठाकुर जगमोहनदास ने भी अपनी कविताओं में इसका उल्लेख करते हुए लिखा है कि यही वह मार्ग है जहां से होकर भगवान दण्कारण्डय के लिए प्रस्थित हुए।

मर्यादा पुरूषोत्तम राम ने यहां शिवलिंग स्थापित कर की थी पूजा -अर्चना

यहीं के जलकुंड में वापस लौटी थी नर्मदा की लहरों में विलुप्त तपस्वी की तुम्बी

तपस्वी ने की थी यहां साधना

एक किवदंती यह भी है कि प्राचीनकाल में यहां भोड़सनाथ नामक एक संत ने कई वर्षों तक तपस्या की थी। उनके पास एक अलौकिक तुंबी थी जो उन्हें वांछित वस्तु चमत्कारिक रूप से प्रदान कर देती थी। एक बार तपस्वी भोड़सनाथ अपने शिष्यों सहित मकर संक्रांति पर नर्मदा स्नान के लिए गए थे जहां नर्मदा के प्रवाहवेग में उनकी तुंबी बह गई थी। शिष्यों ने जब इसकी ओर गुरू का ध्यान आकर्षित कराया तो उन्होंने मंद मुस्कान के साथ शिष्यों से कहा जैसे गई है वैसे ही आ भी जाएगी। नर्मदा स्नान के बाद तपस्वी भोड़सनाथ भूमिकेश्वर धाम लौट आए। ठीक एक वर्ष बाद मकर संक्रांति के दिन ही उनकी तुंबी भूमिकेश्वर धाम के जलकुंड से प्रगट हो गई। तभी से यहां मकर संक्रांति पर मेला भरने की परंपरा शुरू हुई जो पिछले कुछ सालों तक अनवरत चलती रही।

इस साल भी मकर संक्रांति पर नहीं भरा मेला

कुछ वर्षों पहले तक यहां भरने वाला मेला अपने विशाल स्वरूप में भरता था। 14 जनवरी से लेकर 21 जनवरी तक भरने वाले इस मेले में हजारों की संख्या में व्यापारी आते थे। मेले का क्षेत्र भी काफी व्यापक था। बाद में लगातार मेले का क्षेत्र घटता चला गया फिर भी मेले का आयोजन जारी रहा। पिछले साल कोरोना महामारी के कारण यहां मेले के आयोजन पर रोक लगा दी गई थी। इस बार भी कोरोना प्रोटोकाल के चलते शासन ने यहां मेला आयोजित करने की अनुमति प्रदान नहीं की। लगातार दो-तीन साल से मेले की परंपरा का पालन भी नहीं हो पाने से यह स्थान और भी ज्यादा उपेक्षा का शिकार होता जा रहा है। मेला आयोजन के दौरान ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत द्वारा भूमिकेश्वरधाम स्थल की साफ-सफाई और रंगाई पुताई करा दी जाती थी पर अब वह भी नहीं हो पा रही।

विधायक संजय पाठक ने कराया था जीर्णोद्धार

कुछ साल पहले तक भूमिकेश्वरधाम काफी दुर्दशाग्रस्त हो गया था। आसपास काफी गहरी खदानें खोदे जाने के कारण यहां का प्राकृतिक जलस्त्रोत भी सूख गया था। सदा नीरा रहने वाला जलकुंड जिसकी रंगबिरंगी मछलियां लोगों के आकर्षण का केंद्र होती थीं वह भी पूरी तरह सूख गया था तब मकर संक्रांति के कुछ दिन पहले विधायक एवं तत्कालीन राज्यमंत्री संजय पाठक द्वारा भूमिकेश्वर धाम का न केवल जीर्णोद्धार कराया गया था बल्कि एसीसी के माध्यम से यहां जलकुंड का भराव भी कराया गया था। विधायक श्री पाठक के प्रयासों से ही एसीसी द्वारा बमनगवां माइंस से कलहरा तक एक पक्की नहर भी बनाई गई थी। धीरे-धीरे विधायक द्वारा कराये गये इन कार्यों पर भी धूल जमती जा रही है। एक बार फिर इस धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थल को विकास की दरकार है। वर्तमान में जनसहयोग से कैमोर के पनिहाई धाम का समुचित विकास हो रहा। विधायक संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा पनिहाई धाम के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए राज्य शासन ने 50 लाख की राशि स्वीकृत कराई गई है। अगर इसी तरह की पहल भूमिकेश्वर धाम के लिए हो तो यह स्थान भी पर्यटन एवं धार्मिक स्थल के रूप में विकसित हो सकता है।

कॉलेजों में ऑनलाइन एग्जाम कराने की मांग

एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

कटनी। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक अंशु मिश्रा के निर्देश पर संगठन द्वारा लगातार महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं ओपन बुक प्रणाली एवं ऑनलाइन आयोजित कराये जाने की मांग की जा रही है। इसी कड़ी में गत दिवस बड़वारा महाविद्यालय में एनएसयूआई के स्थानीय इकाई द्वारा कुलपति के नाम का एक ज्ञापन प्राचार्य को सौंपा गया। बड़वारा एनएसयूआई अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल के नेतृत्व में भारी संख्या में छात्र-छात्राएं इस आयोजन में शामिल रहे। ज्ञापन सौंपने में अम्बिका रैदास, राघवेंद्र सिंह, दीपक, अवध, माखन सेन, दिव्या साहू, पार्वती सिंह, सुधा केवट, दुर्गा रजक, सुरुचि रजक, प्रतीक्षा सिंह, स्लीमुन्निश, मरना चौधरी, सांध्य सिंह, अभिलाषा कोरी, मनोज गुप्ता, नेहा विश्वकर्मा, सुषमा विश्वकर्मा, अनुसुइया सिंह, सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

दो दिन में निगम कोष में जमा हुए 4.26 लाख

राम जानकी हनुमान वार्ड के तिलक कॉलेज रोड में आयोजित हुआ शिविर

कटनी। नागरिकों की सुविधा एवं वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धकारे के निर्देशन में आयोजित होने वाले वार्डवार शिविर के तहत रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित तिलक कॉलेज रोड में प्रातः 10 बजे से शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी अधिकारी राजस्व ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित शिविर के दौरान उपस्थित निगम के राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा करदाताओं को निगम के बकाया करों की जानकारी से अवगत कराया जाकर 39 रसीदों के माध्यम से बकाया संपत्तिकर के रूप में 110512 तथा जलकर की 6 रसीदों के माध्यम से 15030 रूपये निगम कोष में जमा किये गए। नागरिकों की सुविधा हेतु विगत दिवस अवकाश के दिन रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में शिविर का आयोजन किया जाकर नागरिकों को वार्ड में बकाया करों को जमा करनें की सुविधा प्रदान की जाकर संपत्तिकर की 52 रसीदों से 281227 रूपये तथा जलकर की 10 रसीदें काटी जाकर 20095 रूपये निगम कोष में जमा कराये गए। शिविर के माध्यम से दो दिवस में बकाया संपत्तिकर के रूप में राशि रूपये 391739 तथा जलकर के 35125 रूपये कुल 426864 रूपये निगम कोष में जमा कराये गए।

बहन ने भाइयों पर लगाया मकान में कब्जे का आरोप

एस पी और एसडीएम को हलफनामे के साथ सौंपा ज्ञापन, बेदखली की मांग

कटनी। एनकेजे थाना क्षेत्र के रोशन नगर में अपनी वृद्ध और बीमार मां के साथ रहने वाली एक प्रौढ़ महिला ने अपने भाइयों पर ही उसके मकान में जबरिया कब्जे का आरोप लगाया है। खुद को मिर्गी रोगी बताने वाली 45 वर्षीय अफरोज खान नामक इस महिला ने मकान के दस्तावेज और हलफनामे के साथ एसपी और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उसके मकान में जबरिया काबिज उसके भाइयों को बेदखल किये जाने की मांग की है। महिला का यह भी कहना है कि उसने नवम्बर 2021 में थाना एनकेजे और महिला थाने में लिखित शिकायत की थी पर पुलिस द्वारा उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से की गई अपनी शिकायत में रोशन नगर पुराने गुरुकृपा स्कूल के समीप रहने वाली अफरोज खान ने बताया है कि जिस मकान में वह रहती है वह उसी के नाम रजिस्टर्ड है। उसके दो शादीशुदा भाई 2020 तक किराये से रहने के लिए उसके मकान में आ गए थे पर वादे के अनुरूप 2020 में उन्होंने मकान नहीं छोड़ा। उसके भाइयों ने जबरिया उसके मकान में न केवल कब्ज़ा कर लिया है बल्कि उसे धमकाते और प्रताड़ित भी करते हैं। भाईयों और भाभियों की वजह से उसका और उसकी मां का जीना मुहाल हो गया है। फरियादिया अफरोज खान ने अधिकारियों से मांग की है कि उसके मकान में जबरिया काबिज उसके भाईयों को बेदखल कर उसे कब्जा दिलाया जाये ताकि वह अपनी बीमार मां और दो छोटे भाई बहनों के साथ सुकून से रह सके।

मास्क नहीं लगाने पर वसूला 17400 का जुर्माना

कटनी। कोविड -19 करोना वायरस के संक्रमण के प्रसार पर रोकथाम एवं बचाव हेतु कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा जारी आवश्यक दिशा निर्देशों के परिपालन में नगर निगम द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में रोजाना अभियान चलाकर कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन न करने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के अतिक्रमण विभाग के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न मुख्य मार्गों गांधी द्वार, थाना कोतवाली के पास, पुरानी कचहरी तिराहे के पास अभियान चलाया जाकर सार्वजनिक स्थलों पर कोविड उपयुक्त व्यवहार न करनें वाले 40 व्यक्तियों पर 8000 रूपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई। निगम के स्वास्थ्य विभाग के वार्ड दरोगाओं एवं स्वच्छता प्रभारियों द्वारा भी रोजाना अपनें अपनें जोनवार वार्डों संक्रमण के प्रसार पर रोकथाम हेतु चालानी कार्यवाही की जाकर नागरिकों को मास्क का उपयोग करनें करनें की सलाह की दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों माधवनगर गेट मुख्य मार्ग एवं पुलिस चौकी के पास, रपटा नदी पुल के पास, बस स्टेण्ड पुलिस चौकी के पास अभियान के माध्यम से कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंधन कर मास्क का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों पर घूमने वाले लोगों पर राशि रूपये 9400 रूपये कुल 17400 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई।

वैदिक ज्ञान की पताका पूरे विश्व में फहराई महर्षि महेश योगी ने

ज्ञान युग दिवस के रूप में मना महर्षि का जन्म दिवस

कटनी। महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलसचिव अरविन्द सिंह राजपूत ने ज्ञान युग दिवस के उपलक्ष्य में महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय एवं महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में महर्षि महेश योगी के व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व की विस्तृत विवेचना करते हुये कहा कि महर्षि जी ने प्रत्येक मानव चेतना को जागृत करने एवं उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिये भावातीत ध्यान की एक सरल, सहज एवं प्रयास विहीन पद्धति समग्र विश्व को प्रदान की है। महर्षि ने वेदों की लुप्त परंपरा को जागृत करते हुये वैदिक ज्ञान की पताका सम्पूर्ण विश्व में फहराई। महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय की दूरस्थ शिक्षा निदेशिका डॉ. नमिता पाठक ने वैदिक ज्ञान के वैश्विक प्रचार में महर्षि के अवदान की व्यापक मीमांसा की। विशिष्ट अतिथि विद्यापीठ के प्रभारी अरविन्द सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुपूजन, दीप प्रज्ज्वलन एवं चारों वेदों के मंगलाचरण से हुआ। अतिथियों का स्वागत उद्बोधन वेद विभाग के आचार्य एवं अध्यक्ष तथा विश्वविद्यालय प्रभारी प्रो. उमाशंकर तिवारी ने दिया। इस अवसर पर ज्ञान युग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों जलज शर्मा, रविन्द्र कुसमयां, साक्षी मिश्रा, सृष्टि पाण्डेय, शिवानी दुबे, प्रिया पाठक, अरविन्द शर्मा, अनुराग गर्ग, योगेन्द्र कुमार लोधी को अतिथियों ने शील्ड, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

सुभाष चौक में हुई काव्य गोष्ठी

कवियों ने शांतिदूत मार्टिन लूथर किंग को समर्पित की अपनी रचनाएं

कटनी। गांधीवादी अश्वेत विचारक शांतिदूत मार्टिन लूथर किंग की स्मृति में कवि गोष्ठी का आयोजन सुभाष चौक में किया गया। कवि शंभू सोनी की अध्यक्षता एवं कवि अनिल मिश्र के मुख्य आतिथ्य तथा हास्य कवि शरद जायसवाल के संचालन में आयोजित कवि गोष्ठी में नोबेल पुरस्कार के लिए नामित मार्टिन लूथर किंग का उल्लेख करते हुए गीत गज़ल एवं हास्य की रचनाओं के माध्यम से गीतकार जगदीश त्रिपाठी ने अपने भाव कविता में व्यक्त करते हुए कहा- जमाने भर की नज़र से छुपा के लिखता हूं, अंधेरी रात में खुद को जला के लिखता हूं। वहीं प्रकाश जायसवाल ने पईयां-पईयां पगडंडी-पगडंडी चले जाते थे मित्रों-रिश्तेदारों के यहां, फोर व्हीलर है चकाचक फोरलेन है ना कोई बुलाता ना जाने की इच्छा होती सुनाकर अपनी अभिव्यक्ति दी। गज़लकार गोकुल जाटव ने लोग आते रहे लोग जाते रहे, अपने घर से किसी को भगा ना सका पंक्तियों के माध्यम से अपनी बात कही। नवोदित रचनाकार मक्खन यादव ने कुछ इस अंदाज में आओ बुढ़ापा तब जानी दगा दे गई जवानी तो अनिल मिश्र ने ए रे बसंत सुन हिय जले मत लाना मधुमास, भावों ने है रख लिया प्रियतम बिन उपवास की विरह वेदना के साथ अपनी काव्य रचना प्रस्तुत की। शंभू सोनी ने उस दर पे फटकना गुनाह मानले पागल जिस घर में बेहतरीन चाय नाश्ता ना हो। हास्य कवि शरद जायसवाल ने शादी के लड्डू होते हैं कमाल के, आराम से खाइये इसको सम्हाल के जैसी गुदगुदाती हुई रचना पेश की। आभार प्रर्दशन शहीद खान द्वारा किया गया।

सुरम्य पार्क में नागरिकों को होम कंपोस्टिंग का प्रशिक्षण

स्वच्छता में वार्डों को आत्मनिर्भर बनाने चला जागरूकता अभियान

कटनी। स्वच्छ सर्वेक्षण -2022 अन्तर्गत इंडिकेटर घटक की विभिन्न गतिविधियों के तहत वार्ड को स्वच्छता की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनानें हेतु नगर निगम द्वारा नियुक्त एजेंसी द्वारा मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित आजाद नगर, हाउसिंग बोर्ड, नेपाली मोहल्ला के रहवासियों को तथा विगत दिवस कटायेघाट सुरम्य पार्क में उपस्थित नागरिकों को होम कंपोस्टिंग के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन नें बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना आयोजित की जा रही गतिविधियों के तहत नागरिकों से संपर्क कर घरों से निकलनें वाले कचरे के प्रकारों की जानकारी प्रदान कर गीले कचरे के उचित प्रसंस्करण हेतु मटका कम्पोस्टिंग, होम कम्पोस्टिंग, कम्युनिटी कंपोस्टिंग के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। होम कंपोस्टिंग द्वारा घरों से निकलने वाले गीले कचरे की मात्रा को कम करते हुए निर्मित खाद का उपयोग घर के गमलों एवं बगिया में किया जाकर मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढाने के संबंध में अपील की गई। नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निकलनें वाले सूखे कचरे एवं हानिकारक अपशिष्ट को पृथक पृथक डस्टबिन में रखने एवं निगम के कचरा संग्रहण वाहन आने पर उसी में अलग अलग कचरा देकर नगर की सफाई व्यवस्था में अमूल्य सहयोग प्रदान कर वार्ड को आत्मनिर्भर वार्ड के रूप में विकसित करने की अपील की गई।

आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर फर्जी अफसर बन धोखाधड़ी

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 80 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस को संदेह है कि कुछ दिन पहले कुठला पुलिस ने जिस फर्जी आवास योजना अधिकारी को गिरफ्तार किया था। उस आरोपी ने ही यह धोखाधड़ी की है। जल्द ही पुलिस आरोपी से पूछताछ करेगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

माधवनगर में बीच-बाजार ज्वेलरी शॉप में सनसनीखेज चोरी

दुकान में सेंध लगाकर 6 किलो सोना, 10 किलो चांदी पर हाथ साफ कर दिया चोरों ने

कटनी। उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित मेन मार्केट स्थित एक ज्वेलरी शॉप में सेंधमारी करते हुए अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। दुकान के पीछे दीवार को खोदकर चोर दुकान के अंदर घुसे और गैस कटर से तिजोरी को काटकर बड़े ही इत्मीनान के साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दुकान संचालक के मुताबिक अज्ञात चोरों ने दुकान से करीब 6 किलोग्राम सोना और 10 किलोग्राम चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। सोने और चांदी के जेवरातों की अनुमानित कीमत करीब 3 करोड़ रूपए के ऊपर बताई जा रही है। बीच बाजार सनसनीखेज चोरी की वारदात से पूरे माधवनगर में हड़कम्प मच गया है, वहीं दूसरी तरफ पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवालिया निशान लग गया है। इस संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगला लाइन निवासी सुरेश पाहुजा की मेन बाजार माधवनगर में संगीता ज्वेलर्स के नाम से ज्वेलरी की दुकान है। रोजाना की तरह मंगलवार को भी सुरेश पाहुजा दुकान बंद करके घर जा चुके थे। इसी दौरान मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोर दुकान के पीछे स्थित दीवार को खोदकर दुकान के अंदर घुसे और गैस कटर से तिजोरी को काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आज सुबह जब सुरेश पाहूजा दुकान पहुंचे तो दुकान के अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गए। दीवार खुदी हुई थी और तिजोरी टूटी हुई थी। उन्होंने तत्काल माधवनगर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ ही फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट भी मौके पर जांच कर रही है। इस बड़ी वारदात से न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं, बल्कि लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है।

वारदात से पूरे माधवनगर में हड़कम्प, पुलिस की सुरक्षा और गश्त पर उठे सवाल

दुकान संचालक के मुताबिक चोरी गए जेवरातों की अनुमानित कीमत 3 करोड़ 17 लाख 55

दुकान संचालक सुरेश पाहूजा के मुताबिक तिजोरी में लगभग 6 किलोग्राम सोना और 10 किलोग्राम चांदी रखी हुई थी। इसके साथ ही दुकान में लगभग एक लाख 5 हजार रूपए नगद रखे हुए थे। सोने के जेवरातों की कीमत 3 करोड़, चांदी की कीमत 6 लाख 50 हजार रूपए, डायमण्ड के जेवर की कीमत 10 लाख आंकी गई है। इस तरह चोरी गए जेवरातों की अनुमानित कीमत 3 करोड़ 17 लाख 55 हजार मानी जा रही है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने बताया कि मौके का मुआयना करने के बाद प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए अज्ञात चोरों की पतासाजी की जा रही है। इसके अलावा क्षेत्र में लगे सीसीटीव्ही फुटेज की भी जांच की जा रही है।

सामुदायिक पुलिसिंग आज के दौर की सबसे बड़ी जरूरत

कटनी। सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने माधवनगर थाना क्षेत्रान्तर्गत झिंझरी पुलिस चौकी का शुभारंभ किया। यहां उपस्थित पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि पुलिस के प्रति आम जनता का सर्वाधिक विश्वास होता है। पुलिस की उपस्थिति मात्र से लोगों में सुरक्षा की भावना रहती है। सामुदायिक पुलिसिंग आज के दौर की जरूरत है। जिस पर मप्र पुलिस लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर विधायक संदीप जायसवाल, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशांक श्रीवास्तव, पीताम्बर टोपनानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, नगर पुलिस अधीक्षक एस के शुक्ला, माधवनगर टीआई विजय विश्वकर्मा, झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर सहित कई थानों के टीआई पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इसके पहले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा कल रात कटनी पहुंचे। विश्राम गृह में आज सुबह भाजपाजनों ने उनका स्वागत किया। यहां मौजूद भाजपा नेताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि बूथ विस्तारक योजना में प्रत्येक कार्यकर्ता की सहभागिता आवश्यक है।

यह कार्य एक मिशन की भांति लेना चाहिएए सर्किट हाउस कलेक्टर तथा एसपी सहित अधिकारियों के साथ प्रदेशाध्यक्ष ने औपचारिक भेंट तथा चर्चा भी की। यहां पर विभिन्न संगठनों द्वारा क्षेत्र में कुछ समस्याओं को लेकर भी सांसद का ध्यान आकर्षित कराया गया। सर्किट हाउस में विधायक संदीप जायसवाल, पीतांबर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, श्रीमती अलका जैन, सुकीर्ति जैन, चेतन हिंदूजा आदि की उपस्थिति रही।

खजुराहो सांसद ने किया झिंझरी पुलिस चौकी का उद्घाटन

अवैध रूप से गिट्टी व रेत का परिवहन करते ट्रेक्टर व डम्फर जप्त

कटनी। बरही पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर रेत और गिट्टी की अवैध रूप से चोरी करते हुए एक डम्फर और दो ट्रेक्टर ट्राली को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस की दबिश के पहले ही ट्रेक्टर और डम्फर चालक भागने में सफल हो गए। गौरतलब है कि एसपी सुनील कुमार जैन के निर्देशन व एएसपी मनोज केड़िया, एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में बरही टीआई संदीप अयाची द्वारा क्षेत्र में लगातार खनिज की चोरी के विरूद्ध अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस मुखबिरों द्वारा ट्रेक्टर से रेत चोरी की सूचना दी गई। जिस पर बरही थाने के प्रधान आरक्षक अजय पाठक एवं चालक आरक्षक केशव सिंह ने विजयराघवगढ़ रोड बरही अंग्रेजी शराब दुकान के पास एक नीले रंग के स्वराज कम्पनी का ट्रेक्टर, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर एमपी 19 एबी 5055 को रोका। ट्रेक्टर में चोरी की गिट्टी लोड थी। मौके से ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर वही छोड़कर भाग गया। पुलिस ने विजयराघवगढ़ रोड बरही निवासी सुनील यादव एवं बरही निवासी सुग्गन बर्मन की मौजूदगी में पंचनामा बनाते हुए ट्रेक्टर ट्राली को जब्त कर लिया और अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 379 एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम 1957 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।

खनिज की चोरी के खिलाफ बरही पुलिस की मुहिम

सिजहरा नाला के पास से डम्फर जब्त

इसी तरह सिजहरा नाला के पास डम्फर में रेत लोड होने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर चेक किया तो पीले रंग के डम्फर क्रमांक एमपी 21 जी 0374 में रेत लोड हो रही थी। करीब एक ट्राली कीमती 5000 रुपये की लोड करते मिले, जो लेवर पुलिस को देखकर भाग गये, चालक उपस्थित मिला, जिससे नाम पता पूछने पर सतीश चौधरी पिता डुमारीलाल उम्र 30 साल निवासी विजयराघवगढ़ बताया, जिससे रेत के संबंध में कागजात पेश करने हेतु धारा 91 का नोटिस दिया, जो कोई कागजात होना नहीं बताया, जिसे मौके पर उपस्थित गवाह विकास मिश्रा एवं जगदीश सिंह के मुताबित जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

जाजागढ़ बिचपुरा में हो रही थी रेत चोरी

ग्राम जाजागढ़ बिचपुरा रोड़ में रेत चोरी की सूचना पर बरही पुलिस ने मौके से एक टैक्टर बिना नम्बर का रेत का परिवहन करते मिला, जिससे नाम पता पूछने पर सोमचंद्र रजक निवासी हरदुआ थाना इंदवार जिला उमरिया का रहने वाला बताया। जिससे रेत के संबंध में कागजात पेश करने हेतु धारा 91 का नोटिस दिया, जो कोई कागजात होना नहीं बताया, जिसे मौके पर उपस्थित गवाह विकास मिश्रा निवासी विश्राम बाबा एवं राजनारायण सिंह निवासी ग्राम जाजागढ़ के मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं। इस कार्यवाही में एसआई सीताराम बागरी, विष्णु शंकर जायसवाल, प्रधान आरक्षक व्यास प्रसाद गुप्ता, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक अजय पाठक, आरक्षक अवधेश प्रताप सिंह, आरक्षक अजीत सिंह, आरक्षक केशव सिंह की मुख्य भूमिका रही।

अवैध उत्खनन कर चोरी की मुरम से बन रही थी सर्विस रोड

मौके पर प्रशासन की दबिश, 5 हाइवा और 1 पोकलेन मशीन जब्त, खिरहनी में नहर के किनारे खुलेआम हो रहा था अवैध उत्खनन

कटनी। खनिज विभाग की उदासीनता के चलते पूरे जिले में खुलेआम अवैध उत्खनन हो रहा है। कहीं क्षमता से अधिक खनिज का परिवहन हो रहा है तो कहीं पर दिनदहाड़े सरकारी जमीन पर अवैध रूप से उत्खनन करते हुए राज्य सरकार को लाखों रूपए के राजस्व की हानि पहुंचाई जा रही है। ऐसा ही एक मामला स्लीमनबाद से करीब दस किलोमीटर दूर ग्राम खिरहनी में सामने आया है, जहां पर नर्मदा दांयी तट नहर के किनारे सर्विस रोड के निर्माण अवैध उत्खनन कर चोरी की गई मुरुम का उपयोग किया जा रहा था। ग्रामीणों ने अवैध खनन की सूचना तत्काल हल्का पटवारी, स्लीमनाबाद तहसीलदार और बहोरीबंद एसडीएम को दी। दोपहर में राजस्व दल मौके पर पहुंचा। इस दौरान पोकलेन मशीन से खनन करते हुए हाईवा को भरे जाने की तैयारी की जा रही थ। इसके पहले सोमवार-मंगलवार दरम्यानी रात खनन करीब 100 हाईवा मुरुम डाल दी गई थी। तहसीलदार दिलीप सिंह मरावी, राजस्व निरीक्षक संतोष श्रीवास्तव, पटवारी प्रमोद सोनी सहित पुलिस दल को देखकर पोकलेन और पांच हाईवा के चालक मौके पर वाहन छोड़कर भाग खड़े हुए। राजस्व दल के द्वारा मौके पर पंचनामा बनाते हुए वाहनों के जब्ती की कार्यवाही की गई है। जानकारी के मुताबिक नर्मदा दांयी तट नहर के किनारे खिरहनी से लेकर घुघरा तक करीब 10 किलोमीटर लंबाई की सर्विस रोड का निर्माण किया जा रहा है। करोड़ों रुपए के इस प्रोजेक्ट में मनमाने तरीके से चोरी की मुरुम खपाए जाने की शिकायतें पिछले काफी दिनों से सामने आ रही थी। जिसको लेकर निर्माण एजेंसी की भूमिका पर भी सवालिया निशान लग रहा था। खिरहनी की शासकीय भूमि खसरा नम्बर 1075 में बिना अनुमति अवैध खनन किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन से अवैध कार्य करने वालों पर कार्यवाही की मांग की है।

मौके पर नहीं मिले उत्खनन से संबंधित दस्तावेज

मौके पर राजस्व अधिकारियों ने ठेका कंपनी से खनन के दस्तावेज मांगे तो उनके पास कोई दस्तावेज नहीं मिले। कंपनी के प्रतिनिधि रॉयल्टी भरने की बात कहते रहे। मौके से डम्पर क्रमांक एमपी 17 एचएस 4100, एमपी 19 एचए 8866, एमपी 19 एचए 4966, एमपी 17 एचएच 3400, एमपी 17 एचएच 2852 और पोकलेन मशीन डीएक्स 225 एलसीबी को जब्त किया गया। टनल और नहर बनाने का काम हैदराबाद की पटेल कंपनी को मिला है। जिसको नहर का कार्य पूर्ण होने के साथ सर्विस रोड बनाना है। ग्रामीणों के मुताबिक कंपनी द्वारा रीवा के किसी ठेकेदार को काम दिया गया है। जिसमें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ हैं। तहसीलदार दिलीप सिंह मरावी ने बताया कि अवैध खनन की शिकायत मिलने पर 5 हाईवा, 1 पोकलेन मशीन जब्त करते हुए प्रकरण बनाया गया है।

दो दिन में पकड़ा गया ट्रेन में चोरी का आरोपी

कटनी। ट्रेनों व आऊटरों में यात्रियों के साथ हो रही चोरी एवं लूट की घटनाओं की रोकथाम एवं पतासाजी के दौरान कटनी रेल पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। दो दिनों पहले एक ट्रेन में हुई वारदात का रेल पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर मसरूका बरामद किया है। बताया जाता है है कि पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर विनायक वर्मा के आदेशानुसार एवं एएसपी प्रतिमा पटेल के निर्देशन एवं डीएसपी रेल लोकेश मार्को के मार्गदर्शन में कटनी जीआरपी द्वारा चोरी के आरोपियों की पतासाजी के विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक विगत 17 जनवरी को ट्रेन संख्या 19001 बान्द्रा गोरखपुर एक्सप्रेस के कोच नंबर एस 6 बर्थ नंबर 73 पर एक महिला यात्री चान्द्रा टर्मिनल से देवरिया की यात्रा कर रही थी। ट्रेन जब मुड़वारा रेलवे स्टेशन से चलने के बाद आऊटर पहुंची, तो अज्ञात आरोपी ने देवरिया उप्र निवासी ज्योति चौहान के हाथ से लेडीज बेग खींचकर चलती ट्रेन से उतर गया, जिसकी शिकायत महिला ने मोबाईल के माध्यम से की। जिस पर पुलिस ने धारा 356, 380 के तहत प्रकरण का पंजीबद्ध किया और आरोपी की पतासाजी हेतु टीम गठित की। विवेचना के दौरान शिवम उर्फ शुभम पिता प्रभूदयाल उर्फ प्रभुनारायण नाटक उम्र 28 वर्ष निवासी पथरया फाटक वार्ड नंबर 5 दमोह को पकड़ा गया, जो चोरी करने के पश्चात बैग को मुड़वारा क्षेत्र में काली मंदिर के पास झाड़ियों में छुपा दिया था। बैग में एक बड़ा मंगलसूत्र कीमती 22 हजार रुपये, एक छोटा मंगलसूत्र कीमती 15 हजार रूपए, सोने के पैडल 32 सौ रुपये, 8 नग बिछिया कीमती 5 हजार रुपये साढ़े 8 हजार रुपये नगद एवं एक वीवो कंपनी का मोबाईल कीमती 15 हजार रुपये, एक लड्डू गोपाल सहित कुल कीमती 61 हजार रुपये एवं आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, यात्रा टिकिट बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का अपराधिक रिकार्ड जीआरपी सागर से प्राप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध कई संगीन मामले दर्ज होने की जानकारी मिली है। आरोपी को पकड़ने में एसआई आर के पटेल एएसआई के के चौबे, आरक्षक शिवेन्द्र सिंह, प्रमोद यादव एवं आरपीएफ स्टाप एएसआई संजय गौतम प्रधान आरक्षक रण बहादुर सिंह की विशेष भूमिका रही।

रेल पुलिस को मिली सफलता, माल बरामद

आवश्यकता है

CCTV IP Camera Installation हेतु जानकार लड़कों (Technician) की आवश्यकता है, योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें। Technician के पास स्वयं का स्मार्टफोन होना अनिवार्य है। वेतन योग्यतानुसार।

संपर्क- माधव इलेक्ट्रॉनिक्स झूलेलाल मंदिर के पास, गुरूनानक वार्ड, कटनी

मो. 7000922945, 9300937907

बेचना है

द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-

मो. 9977761441
9425859026

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V.
(Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई

कील मुहाँसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर

मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।

महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009

CITY Mall

EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES

SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY

City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

ASSOCIATED WITH

BIG BAZAAR, Reliance digital, TRENDS, PLANET FASHION, U-TURN, BOLSA, GALAXY, CITY PRIDE Cinema, Food Junction, HOTEL GRAND MERIDIAN, FLAVOURS, GRAVITY

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

रत्ना मैरिज गार्डन

मुड़वारा स्टेशन के पास

शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर

बजट आपका व्यवस्था हमारी

एक बार अवश्य पधारें

शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से

पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

पाठक वार्ड, कटनी

संपर्क :- 9425466630, 7999523588

शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान

कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)